भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1737

गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब के लिए प्रसाद योजना के तहत परियोजनाएं

1737 श्री विक्रमजीत सिंह साहनी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार, राज्य-वार और पंजाब के लिए परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान चिह्नित गंतव्यों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार, राज्य-वार और पंजाब के लिए परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रसाद योजना के अंतर्गत किए गए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/वैश्विक तीर्थ और विरासत स्थलों के कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन का वर्ष-वार, राज्य-वार और पंजाब के लिए परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) और स्वदेश दर्शन योजना सहित अपनी योजनाओं के तहत पंजाब राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

पंजाब के लिए प्रसाद योजना के तहत परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1737 भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) और स्वदेश दर्शन योजना सहित अपनी योजनाओं के तहत पंजाब राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:-

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | योजना का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशाद | अमृतसर में करुणासागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| 2 | | पंजाब के रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 |
| 3 | स्वदेश दर्शन | आनंदपुर साहिब-फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर-खटकर कलां-कलानौर-पटियाला का विकास | 2018-19 | 94.51 | 67.14 |

*****